# भारत– स्थिति

1. भारत— स्थिति
2. विस्तार
3. प्रभाव
4. क्षेत्रफल
5. आकार
6. पड़ोसी देश
7. विविध तथ्य
8. अक्षांशीय विस्तार—8° 4' उत्तर से 37° 6' उत्तर ।
9. देशांतरीय विस्तार—68° 7' पूर्व से 97° 25' पूर्व।
10. देश के दक्षिणी सीमा का निर्धारण बंगाल की खाड़ी में 6° 45' उत्तरी अक्षांश द्वारा होता है।
11. भारत का अक्षांशीय और देशांतरीय विस्तार लगभग 30° है।
12. उत्तर से दक्षिण की लंबाई 3214 किलोमीटर तथा पूर्व से पश्चिम की लंबाई 2933 किलोमीटर।
13. प्रमुख तथ्य।
14. दो देशांतर रेखाओं के बीच की दूरी ध्रुवों की तरफ घटती जाती है जबकि अक्षांश रेखाओं के बीच की दूरी हर जगह समान रहती है।
15. दो अक्षांश रेखाओं के बीच की दूरी 111 किलोमीटर है।
16. अक्षांशीय प्रभाव।
17. भारत का दक्षिणी हिस्सा उष्ण कटिबंध में(कर्क रेखा के दक्षिण का भाग)।
18. भारत का उत्तरी हिस्सा उपोष्ण अथवा शीतोष्ण कटिबंध में(कर्क रेखा के उत्तर का भाग)।
19. देश के भू-आकृति, जलवायु, मिट्टी तथा प्राकृतिक वनस्पति में भिन्नता का कारण— अक्षांशीय प्रभाव।
20. देशांतरीय प्रभाव।
21. देश के देशांतरीय विस्तार में लगभग 30° का अंतर होने के कारण पूर्वी एवं पश्चिमी भागों के समय में 2 घंटे का अंतर होता है(क्योंकि पृथ्वी 24 घंटे में 360° घूमती है अतः देशांतर रेखा की संख्या 360 निर्धारित की गई है, अतः 15° की दूरी तय करने में पृथ्वी को 1

© JCERT not to be republished

घंटे का समय लगता है और 1° देशांतर की दूरी तय करने में पृथ्वी को 4 मिनट का समय लगता है, तो 30° की दूरी तय करने में पृथ्वी को 120 मिनट या 2 घंटे का समय लगेगा)।

22. मानक याम्योत्तर का उपयोग देश के विभिन्न हिस्सों में एक समान समय निर्धारण हेतु किया जाता है(अर्थात् देश के विभिन्न हिस्सों में घड़ियां एक ही समय दिखाएं)।

23. नैनी *(प्रयागराज)*, मिर्जापुर-उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश राज्यों से भारतीय मानक समय रेखा गुजरती है।

24. संयुक्त राज्य अमेरिका में 6 समय कटिबंध है तथा रूस में 11 समय कटिबंध है( क्योंकि इन देशों का पूर्व पश्चिम विस्तार अधिक है)।

25. भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य से 5 घंटा 30 मिनट आगे है।

26. मानक याम्योत्तर का निर्धारण 7° 30' देशांतर के गुणांक मे किया जाता है।

27. भारतीय मानक याम्योत्तर रेखा 82° 30' पूर्व देशांतर रेखा को निर्धारित किया गया है।

28. भारत का क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किलोमीटर।

29. जो विश्व के क्षेत्रफल का 2.4% भाग है।

30. भारत विश्व का सातवां बड़ा देश है। (क्षेत्रफल के आधार पर)।

31. **क्षेत्रफल के अनुसार विश्व के सात बड़े देश:** रूस, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका चीन, ब्राज़ील, ऑस्ट्रेलिया, भारत।

32. भारत की मुख्य भूमि का आकार चतुष्कोणीय है।

33. भारती को उपमहाद्वीप की संज्ञा दी जाती है, भौतिक विविधता एवं बृहद भौगोलिक इकाई के कारण(जैसे पर्वत, पठार, मरुस्थल, नदियां वनस्पति इत्यादि)।

34. भारतीय उपमहाद्वीप में सम्मिलित देश है —भारत, पाकिस्तान, नेपाल भूटान, बांग्लादेश।

35. भारतीय उपमहाद्वीप में स्थित प्रमुख दर्रे—खैबर, बोलन-पाकिस्तान, एवं भारत में स्थित दर्रे शिपकी ला- हिमाचल प्रदेश, नाथू ला -सिक्किम बोमडिला -अरुणाचल प्रदेश ।

36. भारत की तट रेखा द्वीप समूह समेत *7517 (7516.6)* किलोमीटर।

37. भारत एशिया महाद्वीप के दक्षिण मध्य भाग में स्थित है।

38. उत्तर पश्चिम भाग में— पाकिस्तान, अफगानिस्तान, उत्तर में—चीन (तिब्बत), नेपाल, भूटान, पूर्व में—म्यानमार, बांग्लादेश, दक्षिण में—हिंद महासागर में स्थित दो द्वीपीय देश श्रीलंका एवं मालदीव।

© JCERT not to be republished



















39. खाड़ी—वह विशाल समुद्री जलाशय जो तीन ओर से स्थल भाग से घिरा हो तथा एक ओर से सागर या महासागर से जुड़ा हो।

40. जलसंधि—जलसंधि या जलडमरूमध्य पानी के ऐसे सकरे मार्ग को कहते हैं जो दो बड़े जल समूहों को आपस में जोड़ता है।

41. तटीय सीमा वाले राज्य—गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल

42. तटवर्ती केंद्र शासित प्रदेश—लक्षद्वीप, दमन एवं दीव दादरा एवं नगर हवेली, पांडिचेरी अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।

## अभ्यास

1. नीचे दिए गए चार विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

   (i) निम्नलिखित में से कौन - सा अक्षांशीय विस्तार भारत की संपूर्ण भूमि के विस्तार के संदर्भ में प्रासंगिक है?

   (क) 8°41' उ. से 35°7' उ.

   (ख) 8°4' उ. से 35°6' उ.

   (ग) 8°4' उ. से 37°6' उ.

   (घ) 6°45' उ. से 37°6' उ.

   उत्तर (ग) 8°4' उ. से 37°6' उ.।

   (ii) निम्नलिखित में से किस देश की भारत के साथ सबसे लंबी स्थलीय सीमा है ?
   (क) बांग्लादेश (ख) पाकिस्तान (ग) चीन (घ) म्यांमार

   उत्तर (क) बांग्लादेश

   (iii) निम्नलिखित में से कौन - सा देश क्षेत्रफल में भारत से बड़ा है?
   (क) चीन (ख) फ्रांस (ग) मिस्त्र (घ) ईरान

   उत्तर (क) चीन

   (iv) निम्नलिखित याम्योत्तर में से कौन-सा भारत का मानक याम्योत्तर है?
   (क) 69°30' पूर्व (ख) 75°30'पूर्व (ग) 82° 30'पूर्व (घ) 90°30' पूर्व

   उत्तर (ग) 82° 30' पूर्व

   (v) अगर आप एक सीधी रेखा में राजस्थान से नागालैंड की यात्रा करें तो निम्नलिखित नदियों में से किस एक को आप पार नहीं करेंगे?
   (क) यमुना (ख) सिंधु (ग) ब्रह्मपुत्र (घ) गंगा

   उत्तर (ख) सिंधु

2. निम्नलिखित प्रश्नों का लगभग 30 शब्दों में उत्तर दें:

   (i) क्या भारत को एक से अधिक मानक समय की आवश्यकता है? यदि हाँ, तो आप ऐसा क्यों सोचते हैं?

   (ii) भारत की लंबी तटरेखा के क्या प्रभाव हैं?

   (iii) भारत का देशांतरीय फैलाव इसके लिए किस प्रकार लाभप्रद है?

   (iv) जबकि पूर्व में, उदाहरणत: नागालैंड में, सूर्य पहले उदय होता है और पहले ही अस्त होता है, फिर कोहिमा और नई दिल्ली में घड़ियाँ एक ही समय क्यों दिखाती हैं?

© JCERT not to be republished